# अमर उजाला



बरेली
बृहस्पतिवार, 18 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण चतुर्दशी
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO 2 : TOP**

■ **क्रिकेट :** कूच बिहार ट्राफी अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर सुबह 8:15 बजे से।

**PAGE NO 6 : BOTTOM**

# दूसरे दिन भी छाया रहा कोहरा नहीं फेंकी जा सकी एक भी गेंद



कोहरे के कारण नहीं हुआ क्रिकेट मैच। स्रोत : संस्थान

**कूच बिहार ट्रॉफी**

**भोजीपुरा स्थित मैदान पर रोशनी बढ़ने का इंतजार करते रहे यूपी और पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी**

**बरेली।** भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस मैदान पर यूपी और पश्चिम बंगाल के बीच खेले जा रहे कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 मुकाबले के दूसरे दिन बुधवार का खेल कोहरे की भेंट चढ़ गया। दृश्यता बेहद कम होने से एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। पूरे दिन खिलाड़ियों, अंपायरों और मैच अधिकारियों ने हालात सामान्य होने का इंतजार किया। शाम चार बजे अंपायर पाराशर जोशी और आर. राजेश कैनन ने हालात का जायजा लिया। मैच रेफरी प्रकाश भट्ट से चर्चा के बाद दिन के खेल की समाप्ति की घोषणा कर दी।

इससे पहले मंगलवार को भी कोहरे के कारण अपराह्न 2:40 बजे मैच शुरू हो पाया था। पहले दिन केवल 17 ओवर ही फेंके जा सके, फिर बैड लाइट की अपील पर अंपायरों ने खेल रोक दिया था।

उस समय तक पश्चिम बंगाल की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 89 रन बनाए थे। फिलहाल, पश्चिम बंगाल के आदित्य राय 35 रन (38 गेंद, चार चौके) और अभिप्राय बिस्वास 4 रन (दो गेंद, एक चौका) बनाकर नाबाद हैं। संवाद